हिन्दुस्तान 02
पटना • शुक्रवार • 22 फरवरी 2019

PA

रीयल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी के लिए 39 पद स्वीकृत

पटना। रीयल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) में अब स्टाफ का संकट दूर होगा। राज्य सरकार ने रेरा के लिए 39 पद स्वीकृत कर दिए हैं। इनमें सचिव, विशेष कार्य पदाधिकारी सहित अन्य पद शामिल हैं। इससे अथॉरिटी के काम में तेजी आएगी। रेरा की स्थापना बिल्डरों की मनमानी रोकने व उपभोक्ताओं के हित सुरक्षित रखने को की गई है। फिलहाल रेरा में चेयरमैन व सदस्यों के अलावा चुनिंदा स्टाफ हैं। सरकार ने वहां सचिव, ओएसडी, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, सीनियर आर्किटेक्ट, वित्त नियंत्रक सहित अन्य पदों पर पदाधिकारियों की तैनाती जल्द करेगी। इन पर वेतन मद में हर साल दो करोड़ 80 लाख 40 हजार खर्च होंगे। नई नियुक्ति नहीं होगी, बल्कि अन्य विभागों से इन्हें प्रतिनियुक्त किया जाएगा।